NYC HEALTH + HOSPITALS

# सभी के लिए टीकाकरण



- फ़्लू टीके
- बच्चों के लिए **Pfizer** खुराक
  - पहली और दूसरी खुराक
  - वयस्कों की खुराक से एक-तिहाई क्षमता

## हमारे अस्पतालों में से किसी भी अस्पताल में उपलब्ध है

COVID-19 और फ़्लू सीज़न एक साथ होने से, खुद को और अपने बच्चों को बीमार होने से बचाना अब पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी हो गया है।

COVID-19 और फ्लू के टीके सुरक्षित हैं और बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और यहाँ तक कि मृत्यु के जोखिम को कम करने के लिए अत्यधिक प्रभावी हैं।

आपके बच्चों को COVID-19 वैक्सीन और फ्लू का शॉट एक ही समय में मिल सकता है जिसके लिए आपको अपनी जेब से कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।

आपके लिए कौन-सा टीका सही है इस बारे में अधिक जानें। QR कोड स्कैन करें या **1-844-NYC-4NYC** (1-844-692-4692) पर कॉल करें।

COVID-19 टीकों के बारे में अधिक जानें

फ्लू के टीके के बारे में अधिक जानें

# फ्लू और COVID-19 के लिए किसे टीकाकरण करवाना चाहिए?

NYC HEALTH+ HOSPITALS

### इन्फ्लुएंजा (फ्लू) टीका

छः महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को प्रतिवर्ष मौसमी इन्फ्लूएंजा (फ्लू) का टीका लगवाना चाहिए, विशेष रूप से:

- 2 साल से कम उम्र के बच्चों को
- 65 साल से अधिक उम्र के लोगों को
- गर्भवती या हाल ही में प्रसव हुई महिलाओं को
- मधुमेह, अस्थमा, हृदय रोग या HIV जैसी चिकित्सीय स्थितियों वाले लोगों को
- आवश्यक कर्मचारियों को, जिनमें स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी और उन लोगों की देखभाल करने वाले लोग शामिल हैं जिन्हें बीमार होने का अधिक जोखिम होता है। जो लोग बच्चों की, विशेषकर छः महीने से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करते हैं, उन्हें भी फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

## COVID-19 टीका

अधिकांश व्यक्ति अब COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करने के लिए पात्र हैं:

- 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चे Pfizer-BioNTech की बच्चों की दो खुराक (एक तिहाई क्षमता) प्राप्त कर सकते हैं
- 12 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को Pfizer-BioNTech टीके की दो खुराकें मिल सकती हैं
- 18 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को Moderna की दो खुराकें या Johnson & Johnson/Janssen की एक खुराक मिल सकती है

## Pfizer या Moderna COVID-19 वैक्सीन की तीसरी खुराक

तीसरी खुराक उन लोगों के लिए उपलब्ध है, जिन्हें कम से कम 28 दिन पहले COVID-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक मिली है, और जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली किसी हालत या उपचार के कारण कमजोर हो चुकी है। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- कैंसर के लिए सक्रिय उपचार
- अंग प्रत्यारोपण और प्रतिरक्षा प्रणाली की ताकत को कम करने वाली दवा
- पिछले 2 वर्षों के भीतर स्टेम सेल प्रत्यारोपण
- मध्यम या गंभीर प्राथमिक प्रतिरक्षण अपर्याप्तता
- उन्नत या अनुपचारित HIV
- कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स या अन्य दवाओं की उच्च खुराक के साथ सक्रिय उपचार जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मामूली या गंभीर रूप से कमजोर करते हैं

Pfizer की तीसरी खुराक प्राप्त करने के लिए आपकी आयु 12 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और Moderna की तीसरी खुराक प्राप्त करने के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। अन्य चिकित्सीय स्थितियों जैसे मधुमेह, हृदय या फेफड़ों की बीमारी वाले अधिकांश लोगों के लिए तीसरी खुराक की सिफारिश नहीं की जाती।

## COVID-19 बूस्टर खुराक - Pfizer और Moderna वैक्सीन प्राप्तकर्ता

16 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी लोगों को प्राथमिक COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला की दूसरी खुराक प्राप्त करने के कम से कम 6 महीने बाद बूस्टर टीका मिलना चाहिए।

जिन लोगों को Pfizer या Moderna टीकों की दो खुराकें मिली हों, उन्हें अपने बूस्टर का वही टीका लगवाने का प्रयास करना चाहिए, लेकिन उनके पास अमेरिका में अधिकृत तीन प्रकार के टीकों में से किसी भी एक को चुनने का विकल्प है।

जिन लोगों की आयु 16-17 वर्ष है जिन्हें इससे पहले छह महीने से अधिक समय पहले Pfizer प्राथमिक श्रृंखला मिली थी, वे केवल Pfizer बूस्टर टीके के लिए पात्र हैं। जिन लोगों की आयु 5-15 वर्ष है, वे वर्तमान में बूस्टर टीकों के लिए पात्र नहीं हैं।

## COVID-19 बूस्टर खुराक - Johnson & Johnson वैक्सीन प्राप्तकर्ता

18 साल या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को एकल खुराक प्राथमिक COVID-19 टीकाकरण प्राप्त करने के कम से कम दो महीने बाद बूस्टर टीका मिलना चाहिए। बूस्टर टीका अमेरिका में अधिकृत तीन प्रकार के टीकों में से कोई भी हो सकता है। यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि आपको किस प्रकार का टीका मिलना चाहिए तो वैक्सीन केंद्र पर अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या नैदानिक कर्मचारियों से बात करें।

NYC Health + Hospitals सिस्टम के अस्पतालों में Pfizer और J&J के टीके उपलब्ध हैं। NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट्स पर Moderna का टीका उपलब्ध है। स्थानों की पूरी सूची के लिए, हमारी वेबसाइट: **nychealthandhospitals.org** पर जाएँ।

Published: 12/13/2021
Hindi